# समाज कल्याण विभाग, बिहार

## (जिला बाल संरक्षण इकाई, जमुई)

जिला बाल संरक्षण इकाई, जमुई के द्वारा संचालित बाल गृह (बालक) के लिए संविदा पर नियुक्ति हेतु निम्नलिखित पदों के विरूद्ध आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :–

| पद का नाम | पदों की संख्या आरक्षित/अनारक्षित श्रेणी, योग्यता, आयुसीमा एवं मानदेय की राशि |
|---|---|
| 1. अधीक्षक (Superitendent) | पद की संख्या – 01, श्रेणी–अनारक्षित, योग्यता–सामाजिक कार्य/समाज शास्त्र/मनोविज्ञान/राजनीति विज्ञान/विधि से स्नातकोत्तर डिग्री, बाल संरक्षण/कार्यक्रम के क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव, बाल देखरेख संस्थानों के प्रबंधन का अनुभव, राजकीय/सरकारी व्यवस्था में कार्य करने का अनुभव, Ms-Office में कार्य करने की योग्यता, हिन्दी बोलचाल एवं लेखन में कुशलता, आयु सीमा – 01 जनवरी 2021 को अधिकतम 45 वर्ष, मानदेय की राशि – 25,000 रूपया प्रतिमाह। |
| 2. केस वर्कर/ प्रोवेशन ऑफिसर /बाल कल्याण पदाधिकारी | पद की संख्या – 01, श्रेणी – अत्यंत पिछड़ा वर्ग, योग्यता – विधि/सामाजिक कार्य/समाज शास्त्र/मनोविज्ञान/राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री, बाल संरक्षण/कार्यक्रम के क्षेत्र में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव, किशोर न्याय व्यवस्था के अर्न्तगत विषम परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के हित में कार्य करने का अनुभव, Ms-Office की जानकारी, हिन्दी में कुशलता पूर्वक बोलने एवं लेखन की क्षमता, आयु सीमा – 01 जनवरी 2021 को अधिकतम 35 वर्ष, मानदेय की राशि – 17,500 रूपया प्रतिमाह। |
| 3. काउंसलर (परामर्शी) | पद की संख्या – 01, श्रेणी – अनारक्षित (महिला), योग्यता – सामाजिक कार्य/समाज शास्त्र/मनोविज्ञान/परामर्श में स्नातक की उपाधि अथवा किसी भी संकाय में स्नातक के साथ बाल संरक्षण, परामर्श, अपराध शास्त्र विषय में डिप्लोमा, बच्चों से संबंधित कार्यक्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का कार्यानुभव, हिन्दी भाषा में लेखन और बोलचाल में दक्षता, बाल देखरेख संस्थान के प्रबंधन में अनुभव, सरकारी व्यवस्था में कार्य करने की जानकारी, Ms-Office में कार्य करने की योग्यता, आयु सीमा – 01 जनवरी 2021 को अधिकतम 45 वर्ष, मानदेय की राशि – 17,500 रूपया प्रतिमाह। |

| | |
|---|---|
| 4. गृह माता (महिला) | पद की संख्या – 01, श्रेणी – अनुसूचित जाति, योग्यता – न्यूनतम इन्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण, विषम परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के साथ कार्य करने का दो वर्ष का अनुभव, बाल संरक्षण/बाल देखरेख/बाल विकास में प्रशिक्षण प्राप्त, आयु सीमा – 01 जनवरी 2021 को अधिकतम 45 वर्ष, मानदेय की राशि – 11,000 रूपया प्रतिमाह। |
| 5. गृह पिता (पुरूष) | पद की संख्या – 01, श्रेणी – अनारक्षित, योग्यता – न्यूनतम इन्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण, विषम परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के साथ कार्य करने का दो वर्ष का अनुभव, बाल संरक्षण/बाल देखरेख/बाल विकास में प्रशिक्षण प्राप्त, आयु सीमा – 01 जनवरी 2021 को अधिकतम 45 वर्ष, मानदेय की राशि – 11,000 रूपया प्रतिमाह। |
| 6. लेखापाल–सह–भण्डारपाल | पद की संख्या – 01, श्रेणी – पिछड़ावर्ग, योग्यता – B.Com. की डिग्री, लेखाकार्य में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव, Ms-Office में कार्य करने एवं Tally की जानकारी, आयु सीमा – 01 जनवरी, 2021 को अधिकतम 45 वर्ष, मानदेय की राशि – 14,000 रूपया प्रतिमाह। |
| 7. पारा मेडिकल स्टॉफ | पद की संख्या – 01, श्रेणी – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, योग्यता – स्नातक की डिग्री, प्राथमिक चिकित्सा अथवा नर्सिंग में डिप्लोमा, आयु सीमा – 01 जनवरी, 2021 को अधिकतम 55 वर्ष, मानदेय की राशि – 9,000 रूपया प्रतिमाह। |
| 8. डाटा – इन्ट्री ऑपरेटर | पद की संख्या – 01, श्रेणी – अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (महिला), योग्यता – न्यूनतम इन्टरमीडिएट उत्तीर्ण, BCA अथवा Computer Application में Diploma, डाटा–इन्ट्री ऑपरेटर के रूप में कार्य करने का न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव, MS-Office, MS-Excel, Internet, Hindi Typing में दक्षता, आयु सीमा – 01 जनवरी, 2021 को अधिकतम 45 वर्ष, मानदेय की राशि – 9,000 रूपया प्रतिमाह। |
| 9. गार्ड (पुरूष) | पद की संख्या – 03, (अनारक्षित पद– 1, अनुसूचित जाति हेतु पद – 1, पिछड़ा वर्ग हेतु पद – 1), योग्यता – इन्टरमीडिएट उत्तीर्ण, बिहार पुलिस में चयन हेतु निर्धारित शारीरिक फिटनेस, किसी संस्थान अथवा कम्पनी में न्यूनतम दो वर्ष तक गार्ड के रूप में कार्य करने का अनुभव, उम्र सीमा – 01 जनवरी, 2021 को अधिकतम 45 वर्ष, मानदेय की राशि – 9,000 रूपया प्रतिमाह। |

| | |
|---|---|
| 10. रसोइया (पुरूष) | पद की संख्या – 01, श्रेणी – अनुसूचित जाति, योग्यता – इन्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण, भोजन बनाने में निपुणता, किसी संस्थान अथवा होटल में न्यूनतम दो वर्ष तक कार्य करने का अनुभव, आयु सीमा – 01 जनवरी, 2021 को अधिकतम 45 वर्ष, मानदेय की राशि – 7,500 रूपया प्रतिमाह। |
| 11. हेल्पर (पुरूष) | पद की संख्या – 01, श्रेणी – अनारक्षित, योग्यता – मैट्रीक परीक्षा उत्तीर्ण, भोजन बनाने का अनुभव, किसी संस्थान अथवा होटल में न्यूनतम दो वर्ष तक कार्य करने का अनुभव, आयु सीमा – 01 जनवरी, 2021 को अधिकतम 45 वर्ष, मानदेय की राशि – 6,000 रूपया प्रतिमाह। |
| 12. हाउसकीपर (सफाई कर्मी) | पद की संख्या – 01, श्रेणी– पिछड़ा वर्ग (महिला), योग्यता – मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण, साफ–सफाई का कार्य करने का अनुभव, आयु सीमा – 01 जनवरी 2021, को अधिकतम 45 वर्ष मानदेय की राशि – 6,000 रूपया प्रतिमाह। |

इच्छुक आवेदक अपनी पूर्ण बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, कार्य विशेष से संबंधित प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र के साथ विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर adcpjamui@gmail.com पर ई–मेल करें। निर्धारित समय सीमा के पश्चात कोई भी आवेदन विचारणीय नहीं होगा।

नियोजन हेतु साक्षात्कार (Interview) की प्रक्रिया अपनाई जायेगी तथा लेखन कौशल की परीक्षा ली जायेगी। रसोईया, हेल्पर एवं हाउसकीपर के पद के लिए लेखन कौशल की जाँच की आवश्यकता नहीं होगी। शेष पदो के लिए साक्षात्कार 100 अंकों का होगा जिसमें शैक्षणिक योग्यता के लिए 20 अंक, अनुभव एवं कार्य दक्षता के लिए 30 अंक, साक्षात्कार हेतु 30 अंक तथा लेखन परीक्षा हेतु 20 अंक निर्धारित होंगे। रसोईया, हेल्पर एवं हाउसकीपर के लिए साक्षात्कार 80 अंकों का होगा जिसमें शैक्षणिक योग्यता के लिए 20 अंक, अनुभव एवं कार्यदक्षता के लिए 30 अंक तथा साक्षात्कार हेतु 30 अंक निर्धारित होंगे।

साक्षात्कार में शामिल अभ्यर्थियों की मेधा सूची बनाई जायेगी जिसकी वैधता एक वर्ष होगी। साक्षात्कार की तिथि दिसंबर, 2021 की अंतिम सप्ताह संभावित है। निर्धारित विषय विशेष से भिन्न विषय वाले भी आवेदक हो सकते हैं बशर्ते कि वह उसी संकाय

(कला / विज्ञान / वाणिज्य) से उत्तीर्ण हों तथा वांछित अनुभव तथा कार्यदक्षता धारित करते हों।

साक्षात्कार स्थल जिला बाल संरक्षण इकाई, जमुई का कार्यालय परिसर होगा। अधीक्षक को बाल गृह में ही आवासित होना होगा। अधीक्षक की अनुपस्थिति अथवा अवकाश की स्थिति में केस वर्कर / प्रोबेशन ऑफिसर / बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रभारी अधीक्षक के रूप में कार्य करेंगे। बाल गृह के वर्तमान कर्मी भी आवेदक होंगे। एक आवेदक द्वारा केवल एक पद के लिए ही आवेदन मान्य होगा।

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई,
जमुई।